गुस्ताखी माफ

फेंक रहा दिल खोलकर, कूड़ा जगत-जहान।
बेचारे का कट गया, बे-मतलब चालान।
बे-मतलब चालान, भाग्य ने आ उलझाया।
वर्ना अब तक सदा, फेंकता यूं ही आया।
कह साहिल कविराय, किसी ने कभी न पकड़ा।
बिल्कुल पहली बार, पड़ा यह उल्टा लफड़ा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 160 | SATURDAY 20-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# रियल एस्टेट में इसकी टोपी उसके सिर से मची हलचल, चुनिंदा डीलरों के लालच का खेल, कई हो गए फेल

## राजनेता के करीबी डीलर एग्रीगेटर का आतंक

लुधियाना/यूटर्न/19 जून। लुधियाना रियल एस्टेट सेक्टर की दिखाई देती चकाचौंद के पीछे कई गहरे राज छिपे हुए हैं। इस सेक्टर में एक्का-दुक्का प्रॉपर्टी डीलर एग्रीगेटर्स ऐसे हैं, जिनकी और से अपनी टोपी दूसरे के सिर पर डालने का फंडा इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल, डीलर्स द्वारा एक डेवलपर की जमीन दूसरे को और दूसरे की जमीन तीसरे को बेचकर मोटी कमाई की जा रही है।

इसी हेरफेर में डीलरों द्वारा कमीशन की जगह मार्जन रखकर अपनी तो कमाई कर ली गई है, लेकिन डेवलपर्स और जमींदारों को बीच में फंसाकर छोड़ दिया जा रहा है। अब डीलर खुद लापता हैं। जिस कारण न तो डेवलपर्स के प्रोजेक्ट पूरे हो पा रहे हैं और न ही जमीन मालिकों को उनकी बनती रकम मिल पा रही है। इस कारण रियल एस्टेट की कई कंपनियां इस समय शशोपंज में फंसी हुई है। न तो वे व्यापार कर पा रहे हैं और न ही डीलर्स से अपना पीछा छुड़वा पा रहे हैं। अब यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि इन डीलर्स द्वारा खड़ी की समस्या से कैसे और कब निजात मिल पाएगी।




### डेवलपर्स और जमींदारों को दिखाए जाते हैं बड़े ख्वाब

चर्चा है कि एक्का-दुक्का प्रॉपर्टी डीलर्स की और से डेवलर्स और जमींदारों को बड़े बड़े ख्वाब दिखाए जाते हैं। उनकी और से डेवलपर्स को ज्यादा मात्रा में जमीन खरीदकर डेवलपमेंट करने का लालच दिया जाता है, जिसमें बड़ा मुनाफा होने की बात कही जाती है। इसी तरह जमींदारों को भी जमीनों की अच्छी कीमत के लालच दिए जाते हैं। इसी चक्कर में डेवलपर्स और जमींदार फंस जाते हैं, फिर न तो प्रोजेक्ट पूरे हो पाते है और न ही जमींदारों को पैसा मिल पाता है।

### अपना मार्जन रख डेवलपर्स को देते हैं गच्चा

जहां पहले प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा कमीशन पर काम किया जाता था, वहीं कोविड के बाद पैदा हुए इन शातिर डीलर्स की और से कमीशन की जगह सीधे मार्जन रखा जा रहा है। उनकी और से प्रति एकड़ मार्जन फिक्स कर लिया जाता है। अब जो डेवलप 20 से 30 एकड़ जमीन डेवलप करने की क्षमता रखता है, उसे जबरन 80-90 एकड़ जमीन दिला दी जाती है। जबकि उक्त जमीन का बनता मार्जन एडवांस में ले लिया जाता है। पहले तो खुद उसके प्लॉट बिकवाने की बात कही जाती है, लेकिन फिर जब डेवलप जमीन का सौदा कर लेते हैं, तो न तो उसके प्लॉट बिकवाए जाते है और जिन लोगों से जमीन का सौदा हुआ, उन्हें पेमेंट अधूरी दे दी जाती है।

### आगे से आगे करवाए जा रहे सौदें

- चर्चा है कि डीलर्स द्वारा अपने मार्जन के लिए एक ही डेवलपर को नहीं फंसाया जा रहा, बल्कि एक डेवलपर को जमीन बेचकर फिर उसका आधा माल बिकवाकर उसे ज्यादा मुनाफे में आगे जमीन बेचने का लालच दिया जाता है। फिर दूसरे डेवलपर को इसी तरह लालच देकर तीसरे को जमीन बेच दी जा रही है। जबकि वे तीनों से अपना बराबर का मार्जन रख रहे हैं।

### राजनेता का नाम हो रहा इस्तेमाल, पीड़ित घर के लगा रहे चक्कर

- चर्चा है कि उक्त इक्का दुक्का डीलर एक राजनेता के करीबी है। जिनकी और से राजनेता का नाम इस्तेमाल कर लोगों पर हैवी हो रहे हैं। वहीं इन चुनिंदा डीलरों से पीड़ित लोग तड़के छह बजे ही उनके घरों पर पहुंच रहे हैं। लेकिन न तो वे किसी से मिल रहे है और न ही फोन उठाकर बात कर रहे हैं। लोग लीडरों के घरों पर जाकर आपत्तिजनक शब्दावली तक बोलने को मजबूर हैं। मोटी डील होने के कारण लोग परेशान है और सारा बिजनेस उलझ चुका है।

### 70-80 प्रतिशत डील में शामिल

चर्चा है कि उक्त शातिर डीलर शहर में होने वाली बड़ी 70 से 80 प्रतिशत डील में शामिल हैं। जिस कारण पूरा रियल एस्टेट सेक्टर ही अब उनके इर्द गिर्द घूम रहा है। यहां तक कि अभी भी वे कई अहम डील का हिस्सा है।

कबीरा जब हम आए जगत में, जग हंसा हम रोए
ऐसी करनी कर चलें, हम हंसें जग रोए ॥

SHRADHANJALI

With A Heavy Heart, We Announce The Passing Of
Our Beloved On 09th June 2026
Leaving A Rich Legacy Of Love, Forgiveness & Wonderful Memories.



Sh. Sanjeev Arora (Rinku)
(19-11-1977 - 09-06-2026)

We Would Be Honored If You Would Join Us In Prayer Meet
On Saturday, 20th June 2026
01:00 PM to 02:00 PM
At Durga Mata Mandir, Sarabha Nagar, Ludhiana

ॐ

Remembered By:
S.S. Khurana

Ansal Estatz | Ansal Wealth
SCO -15, South City, Ludhiana. 99155-07786

## BCM आर्य स्कूल, ललतों की प्राचार्या कृतिका सेठ को मिला 'Women Changemaker Award 2026'




लुधियाना/यूटर्न/19 जून। BCM आर्य स्कूल, ललतों की प्राचार्या श्रीमती कृतिका सेठ को शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए Changemaker Summit & Awards 2026 – North Edition में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित आयोजन She Inspire Magazine और Hypedge Group द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तर भारत की कई महिला लीडर्स, शिक्षाविदों और प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। श्रीमती कृतिका सेठ को यह सम्मान उनके प्रेरणादायक नेतृत्व, शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में चयन एक विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया, जिसमें समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। BCM आर्य स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने इस उपलब्धि पर प्राचार्या को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवाओं के लिए बड़ी सौगातः विकसित भारत रोजगार योजना से मिलेगा मजबूत भविष्य

गुरुग्राम/यूटर्न/19 जून। ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि और विधायक मुकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।



प्रधानमंत्री ने देशभर के 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी। राव नरबीर सिंह ने कहा कि यह योजना युवाओं को रोजगार से जोड़ने और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नई उद्योग नीति से निवेश और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने उद्योग जगत से युवाओं को अधिक रोजगार देने की अपील की और पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक खत्म करने व पौधारोपण बढ़ाने पर जोर दिया। ईपीएफओ अधिकारी डॉ. अर्चना ने बताया कि इस योजना का मकसद युवाओं को संगठित रोजगार से जोड़ना और नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में करीब 500 लोग शामिल हुए।

# राम मंदिर में करोड़ों के डोनेशन घोटाले का मामलाः नृपेंद्र मिश्र ने कहा - भक्तों का भरोसा डगमगाया

अयोध्या/यूटर्न/19 जून। अयोध्या में राम मंदिर के डोनेशन फंड को लेकर चल रहे विवाद के केंद्र में 'पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर' (तीर्थयात्री सुविधा केंद्र) है। मुख्य मंदिर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित इस इमारत के बेसमेंट में पैसे गिनने का कमरा है। मंदिर परिसर में लगे लगभग 35 डोनेशन बॉक्स से इकट्ठा किया गया पैसा इसी कमरे में लाया और गिना जाता है।

रोजाना लगभग एक लाख भक्तों के मंदिर आने के कारण, पैसे गिनने का काम दो शिफ्ट में होता है, सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक और हर शिफ्ट में लगभग 20 टेलर (पैसे गिनने वाले कर्मचारी) काम करते हैं। रोजाना डोनेशन का अनुमान 8 से 13 लाख रुपये के बीच है। लेकिन, राम जन्मभूमि क्षेत्र तीर्थ ट्रस्ट के उस कर्मचारी के अनुसार, जो पैसे गिनने वाले कमरे में तैनात है, कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब यह रकम 50 से 60 लाख रुपये तक पहुँच जाती है।



### अगले हफ्ते तक फाइनल रिपोर्ट आने की उम्मीद

सूत्रों का कहना है कि एसआईटी की शुरूआती रिपोर्ट एक-दो दिन में और फाइनल रिपोर्ट अगले हफ़्ते आने की उम्मीद है। पुलिस को अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। इस विवाद के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार दोपहर अयोध्या का दौरा करेंगे। वे मंदिर जाने के अलावा रामायण वैक्स म्यूज़ियम और म्युनिसिपल जोनल ऑफिस का उद्घाटन भी करेंगे।

### फंड इकट्ठा करने की प्रक्रिया अलग

राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि मंदिर बनाने के लिए जो फंड इकट्ठा किया गया था, वह पूरी तरह से अलग प्रक्रिया थी। उस समय इकट्ठा किए गए लगभग 3,500 करोड़ रुपये अलग से जमा किए गए थे और उनका हिसाब-किताब भी अलग से रखा गया था। काउंटिंग सेंटर के स्टाफ के अलावा, राम जन्मभूमि क्षेत्र तीर्थ ट्रस्ट हजारों लोगों को रोजगार भी देता है, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड, रसोइए और सफाई कर्मचारी शामिल हैं। स्टाफ में लगभग 40 पूर्व सैनिक भी हैं।

### एसआईटी कर चूकी पूछताछ

यह कर्मचारी उन लोगों में शामिल है जिनसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने पूछताछ की है। एसआईटी इन आरोपों की जाँच कर रही है कि भक्तों द्वारा दान किए गए सोने, चाँदी और हीरे के गहनों को नकली चीजों से बदल दिया गया और मंदिर के कलेक्शन से पैसे भी चोरी किए गए। एसआईटी ग्रीन हाउस में तैनात है, जो मंदिर के पास ही स्थित है। टीम रिकॉर्ड, पैसे गिनने की प्रक्रिया, बही-खाते और फंड जमा करने के तरीके की जाँच कर रही है, साथ ही डोनेशन मैनेज करने और अकाउंट्स का हिसाब-किताब रखने वाले अधिकारियों से भी बात कर रही है।

**संघ की चिंता...**संगठन के भीतर इन गंभीर आरोपों को लेकर चिंता थी, खासकर इसलिए क्योंकि राम जन्मभूमि क्षेत्र तीर्थ ट्रस्ट के मैनेजमेंट और रोजमर्रा के कामकाज से जुड़े कई लोगों के फ़र से पुराने संबंध रहे हैं। इस विवाद ने ट्रस्ट के एडमिनिस्ट्रेशन से जुड़े लोगों पर सवालिया निशान लगा दिया है, जिनमें रोजमर्रा की गतिविधियों, फाइनेंस और स्टाफ की भर्ती के लिए ज़िम्मेदार अधिकारी भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, ट्रस्ट से जुड़े अहम पदाधिकारियों का फ़र से जुड़ा होना संघ की इस चिंता को और बढ़ा रहा है कि इससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँच सकता है।

# पंचकूला कोर्ट ने 657 करोड़ के आईडीएफसी बैंक घोटाले में आईएएस अधिकारी को 3 दिन की सीबीआई कस्टडी में भेजा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। शुक्रवार को पंचकूला की एक अदालत ने हरियाणा के आईएएस अधिकारी राम कुमार सिंह को 657 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मामले में तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया। आरके सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। उन पर चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में मौजूद पंचकूला नगर निगम के बैंक खाते से 79 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम निकालने में शामिल होने का आरोप है। 657 करोड़ रुपये के इस घोटाले में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी शामिल थे। इन्होंने आईएएस अधिकारियों समेत सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर हरियाणा सरकार के आठ विभागों और चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभागों के बैंक खातों से पैसे निकाले थे। जहाँ सीबीआई ने नुकसान की रकम 657 करोड़ रुपये बताई है, वहीं इस घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दावा है कि नुकसान 645 करोड़ रुपये का हुआ है।




### आरके सिंह के घरों की तलाशी ली

सीबीआई ने दावा किया कि चंडीगढ़ और करनाल (हरियाणा) में आरके सिंह के घरों की भी तलाशी ली गई और कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए। एजेंसी ने आगे कहा कि यह गबन एमसी पंचकूला के तत्कालीन कमिश्नर और सीनियर अकाउंटेंट की जानकारी और उनकी सक्रिय भागीदारी से किया गया था। इससे पहले, सीबीआई ने इस मामले में सीनियर अकाउंटेंट सुरिंदर जैन को गिरफ़्तार किया था।

### कौन हैं राम कुमार सिंह ?

राम कुमार सिंह 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) से आईएएस सेवा में प्रमोट किया गया था। घोटाले में नाम आने के बाद, हरियाणा सरकार ने उन्हें 8 अप्रैल को सस्पेंड कर दिया था। उनके साथ 2011 बैच के एक और आईएएस अधिकारी प्रदीप कुमार को भी सस्पेंड किया गया था, जिन पर भी इसमें शामिल होने का आरोप था। राम कुमार सिंह ने 26 अक्टूबर 2020 से 12 मई 2021 तक और फिर 10 जुलाई 2025 से 28 जनवरी 2026 तक पंचकूला नगर निगम कमिश्नर के तौर पर काम किया। सीबीआई के मुताबिक, एमसी पंचकूला मामले में चंडीगढ़ के सेक्टर 32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खाते से 79.46 करोड़ रुपये निकाले गए थे।

### नियमों का उल्लंघन कर खोला खाता

सीबीआई ने कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में टउ पंचकूला का खाता हरियाणा सरकार के वित्त विभाग के मौजूदा नियमों का उल्लंघन करके खोला गया था। सीबीआई का दावा है कि अकाउंट खोलने वाले फॉर्म में जानकारी इस तरह भरी गई थी कि बाद में किए जाने वाले धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन छिपे रहें। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के आरोपी अधिकारियों के साथ हुई मिलीभगत के तहत, एमसी पंचकूला के कमिश्नर आईएएस फ्छ सिंह ने फि क्स्ड डिपॉज़िट (एफडी) खुलवाने के बहाने बिचौलियों के जरिए बैंक अधिकारियों को कई साइन किए हुए चेक सौंपे। इन चेकों का इस्तेमाल करके पैसे निकाले गए, लेकिन कोई एफडी नहीं खोली गई। निकाली गई रकम को आरोपी बैंक अधिकारियों द्वारा कंट्रोल और ऑपरेट की जाने वाली शेल कंपनियों (फजी कंपनियों) में भेज दिया गया।




पेज 06 मां बगलामुखी धाम में व्यापार उन्नति महायज्ञ...







# डिब्बा बंद पाऊडर खाकर बीमार हो रहे कई पहलवान

## सैम्पल हो चुके फेल, सभी जिलों में जांच की मांग

अशोक सहगल

लुधियाना, 19 जून शहरों में जगह-जगह बने जिम में युवा पहलवानों के लिए डिब्बा बंद पाऊडर पहली पसंद बना हुआ है के जिम वालों को से जोर-शोर से प्रमोट करते देखा जा सकता है और रंग रूट पहलवानों को इसके सेवन के कथित लाभ बढ़कर महंगे दामों पर भेजा जा रहा है परंतु कई जगह पहलवानों के इसे खाकर बीमार पड़ने के मामले भी सामने आए हैं। इन डिब्बों में प्रोटीन युक्त फूड सप्लीमेंट होने की बात कही जाती है पर डिब्बों पर लिखी बातें या फामूर्ला कितना सही है और इसे प्रमोट करने के पीछे जिम के कोच को कोई साइंटिफिक जानकारी नहीं होती सिर्फ मुनाफे के लालच में इसे बेचा जा रहा है। डिब्बों की बिक्री में भारी मुनाफा होने के कारण लगभग हर जिम में देसी व विदेशी डिब्बा बंद पाऊडर का स्टॉक रखा जाता है और हर नए पहलवान जो चाहे वेट लिफ्टिंग के लिए आए या बॉडी बिल्डिंग के लिए उन्हें डिब्बों में बन्द रहस्यमयी पाऊडर के गुण बता कर उसे खरीदने पर जोर दिया जाता है। विश्व प्रसिद्ध पहलवानों की फोटो वाले विज्ञापन देखकर लोग सहज ही इनकी ओर आकर्षित हो जाते हैं और सोचते हैं की सीख के भी उनके मसल्स विदेशी पहलवानों जैसे हो जाएंगे।




### वेट लॉस के लिए भी डिब्बा बैंड पाउडर

इन मसल पावर बढ़ाने वाले डिब्बों की बढ़ती मांग देखकर अब बाजार में वजन कम करने वाले फूड सप्लीमेंट भी आ गए हैं और इसी स्लिमिंग सेंट्रो द्वारा इस तरह प्रमोट किया जा रहा है कैसे खाकर उनका बदन छरहरा हो जाएगा पर क्या इनका सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है? इन पर उस समय प्रश्नचिन्ह लग गया जब काफी समय पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन डिब्बों के लिए भरे 2 सैम्पल जांच में फेल हो गए और इसमें काफी कमियां पाई गई परंतु जनहित में दोबारा डिब्बा बंद पाउडर की जांच करना अभी लंबित है लोगों का कहना है कि यह युवाओं की सेहत से जुड़ा मामला है स्वास्थ्य विभाग को निरंतर इस मामले में जांच करनी चाहिए

### सभी जिलों में हो सेंपलिंग

लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को चाहिए की 3 महीने में एक बार वह राज्य स्तरीय जांच के निर्देश थे और सभी जिलों में डिब्बा बैंड पाउडर की जांच की जाए ताकि यह पता चल सके कि युवाओं को किस तरह के सप्लीमेंट पेश किये जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में अपनी दाग जमा चुके खिलाड़ियों का मानना है कि डिब्बा बंद पाऊडरों के भरोसे रहना कि इसे ताकत व मांसपेशियां बढ़ेंगी मात्र धोखा है। इस डिब्बों में क्या है यह इसे बेचने और खाने वाले भी नहीं जानते। उन्होंने कहा कि सही कोच तकनीकी तौर पर युवकों को प्रशिक्षण देगा और खान-पान के बारे में भी सही जानकारी देगा तभी वे सफल हो सकते हैं। पंचम अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. आर.पी. सिंह ने कहा कि इन डिब्बों की व्यापक जांच होनी चाहिए क्योंकि स्टीरायड या अन्य निम्न स्तरीय सप्लीमेंट मैटाबोलिक सिस्टम को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में पहलवान बनने की बजाय युवा बीमार पड़ सकते हैं। उन्हें कई प्रकार के गंभीर रोगों का खतरा बढ़ सकता है।

# खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड की पहली बैठक, नए पदाधिकारियों का सम्मान



लुधियाना/यूटर्न/19 जून। पंजाब खत्री अरोड़ा वेलफेयर बोर्ड की पहली बैठक चेयरमैन राजिंदर सिंह बसंत की अध्यक्षता में बचत भवन, मिनी सचिवालय लुधियाना में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पंजाब सरकार की ओर से नवनियुक्त जिला चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और स्टेट मेंबरों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। बैठक में अमृतसर से प्रणव धवन, पटियाला से राजेंद्र मोहन, जालंधर से रिक्की मनोचा और माछीवाड़ा लुधियाना से जसप्रीत सिंह काका सहित कई बोर्ड सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक अशोक पराशर पप्पी, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, जिला प्लानिंग कमेटी चेयरमैन जतिंदर सिंह खंगूड़ा, सीनियर वाइस चेयरमैन शरणपाल सिंह मक्कड़, राजू कनौजिया, केशव वर्मा, रविंदरपाल सिंह पाली और राज कुमार अग्रवाल भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

चेयरमैन राजिंदर सिंह बसंत ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल का आभार जताते हुए कहा कि खत्री अरोड़ा समाज पंजाब की तरक्की में अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड समाज की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए पूरी गंभीरता से काम करेगा।

# FICO प्रतिनिधिमंडल ने DIC लुधियाना के नए GM से की मुलाकात, उद्योगों की समस्याएं उठाईं



लुधियाना/यूटर्न/19 जून। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाइजेशन (FICO) के अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह कुलार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उद्योग केंद्र (DIC), लुधियाना के नव नियुक्त महाप्रबंधक श्री सुखविंदर सिंह रेखी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके कार्यकाल में उद्योग जगत की समस्याओं का जल्द समाधान होगा। बैठक के दौरान FICO ने पंजाब के उद्योगों से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए और एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि बढ़ती लागत, नकदी संकट और पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धा के कारण उद्योगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में तत्काल नीतिगत कदम जरूरी हैं।

### FICO द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दे:

- जीएसटी रिफंड समय पर जारी करने की मांग
- PSIEC के अधूरे/अनअक्वायर्ड प्लॉट्स की अधिसूचना रद्द करने की मांग
- पंजाब में 200 रुपये मासिक व्यावसायिक कर खत्म करने की अपील
- साइकिल, सिलाई मशीन, वस्त्र और कृषि उपकरण उद्योगों को प्राथमिकता क्षेत्र में दोबारा शामिल करने की मांग
- बिजली शुल्क पर IDF LcMX बहाल करने की मांग
- मलेरकोटला रोड (लुधियाना) की पुरानी औद्योगिक इकाइयों को ठडउ जारी करने की मांग FICO ने कहा कि इन कदमों से उद्योगों को राहत मिलेगी और रोजगार व निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

महाप्रबंधक श्री सुखविंदर सिंह रेखी ने सभी मुद्दों को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि ज्ञापन को संबंधित विभागों तक आगे कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। बैठक में उद्योग जगत के कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पंचकूला पुलिस की नई पहलः अब घोड़ों पर सवार होकर पहाड़ियों, गांवों और संकरी गलियों में गश्त करेंगे जवान

पंचकूला/यूटर्न/19 जून। कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और जनकेंद्रित बनाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस ने घुड़सवार पुलिस पेट्रोलिंग की शुरूआत की है। पारंपरिक वाहन और पैदल गश्त के साथ अब प्रशिक्षित घुड़सवार पुलिसकर्मी उन क्षेत्रों में भी निगरानी रखेंगे जहां सामान्य वाहनों की पहुंच सीमित या कठिन होती है।

इस पहल के तहत हाल ही में सेक्टर-21 पुलिस चौकी की टीम ने चौकी इंचार्ज दीदार सिंह के नेतृत्व में घोड़ों के माध्यम से विशेष गश्त अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, गलियों, खुले क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराई गई। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक भी लिया। आम लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे सकारात्मक कदम बताया।

प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि पंचकूला पुलिस के पास फिलहाल घोड़ों का एक विशेष दस्ता उपलब्ध है, जिसे सेक्टर-21 पुलिस चौकी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन घोड़ों का उपयोग ग्रामीण



क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, सुनसान स्थानों, संकरी गलियों और पहाड़ी क्षेत्रों में गश्त के लिए किया जाएगा, जहां वाहन आसानी से नहीं पहुंच सकते। एसीपी ने कहा कि शुरूआती स्तर पर इस प्रयोग के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और इसके लिए प्रशिक्षित घुड़सवारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही इस मॉडल के माध्यम से ईंधन की बचत का भी आकलन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि घुड़सवार पुलिस व्यवस्था अपराध नियंत्रण, चौकसी और संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित उपस्थिति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह केवल वैकल्पिक गश्त प्रणाली नहीं बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया एक प्रभावी पुलिसिंग मॉडल है। इस संबंध में सृष्टि गुप्ता, डीसीपी पंचकूला, ने कहा कि इस पहल से ईंधन की खपत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि घुड़सवार पुलिस की मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी, वहीं असामाजिक तत्वों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ेगा। डीसीपी ने बताया कि फिलहाल इस व्यवस्था को ट्रायल आधार पर शुरू किया गया है। इसके परिणामों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा और यदि मॉडल सफल साबित होता है तो भविष्य में अतिरिक्त घोड़ों की मांग भेजकर इस व्यवस्था का दायरा और बढ़ाया जाएगा। उनका कहना है कि इससे पंचकूला में पुलिसिंग को अधिक सक्षम, पर्यावरण अनुकूल और जनसहभागिता आधारित बनाया जा सकेगा।

## साइबर अपराधियों पर पंचकूला पुलिस का शिकंजा, 1476 लंबित शिकायतों का निपटारा



पंचकूला/यूटर्न/19 जून। साइबर अपराधों पर लगाम कसने और लंबित मामलों के तेजी से निपटारे को लेकर पंचकूला पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने पिछले तीन वर्षों से लंबित 1476 साइबर शिकायतों का निपटान किया है, जबकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न राज्यों में लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अे१ल्ली१ ऱ्ल्लँ ने हाल ही में साइबर थाना प्रभारी और जांच अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर वर्ष 2024, 2025 और 2026 से लंबित मामलों की स्थिति का आकलन किया था। बैठक में पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए थे।

डीसीपी अमरिंदर सिंह ने अधिकारियों को प्रत्येक साइबर मामले में तेजी और तकनीकी दक्षता के साथ कार्रवाई करने तथा पीड़ितों से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस टीमों ने लंबित शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित पीड़ितों से संपर्क किया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप 1476 शिकायतों का निपटारा किया गया। पुलिस ने कई पुराने मामलों की बंद फाइलों को भी दोबारा खोल दिया है। फरार आरोपियों की तलाश में गठित टीमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और हैदराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लक्ष्य केवल मामलों का निपटारा करना नहीं, बल्कि साइबर अपराधियों के पूरे नेटवर्क तक पहुंचकर उन्हें कानून के शिकंजे में लाना है।

## मोहाली पुलिस ने चोरी के गिरोह का किया पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के गहने बरामद

अजीत झा

मोहाली/यूटर्न/19 जून। मोहाली जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बलौंगी पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से सोने-चांदी के गहने सहित अन्य सामान बरामद किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस के निर्देशों तथा एसपी (देहात) मनप्रीत सिंह और डीएसपी खरड़-1 ईशान सिंगला की निगरानी में थाना बलौंगी पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार सबसे पहले शुभम पुत्र पवन निवासी मलोया, चंडीगढ़ को एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंचकूला में 10 हजार लोग करेंगे सामूहिक योग, मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि



पंचकूला/यूटर्न/19 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय योग समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब 10 हजार लोग एक साथ योग अभ्यास करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं।

शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस और आईटीबीपी के जवान भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इसके अलावा विदेशी मेहमानों की उपस्थिति को देखते हुए उनके समन्वय और सुविधा के लिए विशेष लायजन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए करीब 200 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। वहीं पंचकूला पुलिस के लगभग 500 पुलिसकर्मी स्वयं योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देंगे। एसीपी ने बताया कि सुरक्षा कारणों से परेड ग्राउंड में किसी भी प्रकार का बैग ले जाने की अनुमति नहीं होगी।


प्रतिभागी अपने साथ केवल पानी की एक बोतल लेकर प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। पार्किंग व्यवस्था के तहत बसों से आने वाले प्रतिभागियों के लिए सेक्टर-5 स्थित निक बेकर के पीछे धरना स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट से JLPL को अंतरिम राहत, मांग नोटिस के आधार पर प्रक्रिया रोकने से मना

### चार सप्ताह में जवाब दाखिल करेंगे पंजाब सरकार व GMADA, अगली सुनवाई 3 नवंबर को

मोहाली/यूटर्न/19 जून। जनता लैंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड (JLPL) और पंजाब सरकार सहित अन्य पक्षों के बीच चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी को अंतरिम राहत देते हुए पूर्व में जारी यथास्थिति आदेश को आगे भी लागू रखने के निर्देश दिए हैं। यह मामला स्पेशल लीव पिटिशन नंबर 14694/2025 के तहत सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ, जिसमें जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा शामिल थे, ने 1 सितंबर 2025 को मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से प्रतिवादी नंबर 1 से 5 तथा प्रतिवादी नंबर 6 ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (GMADA) की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। अदालत ने




प्रतिवादी पक्षों को चार सप्ताह के भीतर अपने काउंटर एफिडेविट/जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए। इसके बाद याचिकाकर्ता कंपनी को जवाब मिलने के एक सप्ताह के भीतर अपना रिजॉइंडर दाखिल करने की अनुमति दी गई है।

सबसे अहम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 15 जुलाई 2025 को जारी पूर्व का status quo आदेश अगली सुनवाई तक जारी रहेगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित प्राधिकरण याचिकाकर्ता कंपनी द्वारा शुरू की गई किसी भी प्रक्रिया को केवल इस आधार पर नहीं रोकेंगे कि विवादित मांग नोटिस का पालन नहीं किया गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 3 नवंबर 2025 को निर्धारित की गई है। अदालत के इस आदेश को JLPL के लिए फिलहाल बड़ी अंतरिम राहत माना जा रहा है, जबकि GMADA और राज्य सरकार को अब तय समय में अपना पक्ष अदालत के समक्ष रखना होगा।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चंडीगढ़ ...

# मान विवादः वडिंग ने आप पर अकाल तख्त के अधिकार को चुनौती देने का आरोप लगाया

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और लुधियाना के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने आम आदमी पार्टी (आप) पर अपना हमला तेज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी, एक वायरल वीडियो को लेकर चल रहे विवाद के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान का बचाव करने की कोशिश में पंजाब को अकाल तख्त के साथ अनावश्यक टकराव में धकेल रही है। आप नेताओं द्वारा अकाल तख्त के निष्कर्षों और कार्रवाइयों पर सवाल उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए, वडिंग ने कहा कि मुख्यमंत्री को आरोपों के खिलाफ अपना बचाव करने का पूरा अधिकार है, लेकिन उन्हें ऐसा इस तरह से नहीं करना चाहिए जिससे सिख धर्म की सर्वोच्च लौकिक पीठ के अधिकार और पवित्रता को ठेस पहुँचे। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनी हुई सरकार और अकाल तख्त के बीच किसी भी सीधे टकराव के पंजाब की सामाजिक और राजनीतिक सद्भाव पर दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।



अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, कांग्रेस अध्यक्ष, पंजाब

भगवंत मान, CM, पंजाब

## यह मुद्दा एक वीडियो तक नहीं सीमित

वडिंग ने कहा, यह मुद्दा अब सिर्फ. एक वीडियो का नहीं है। यह अकाल तख्त के प्रति सम्मान का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेता सिख धार्मिक संस्थानों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देने के बजाय उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी सिख अकाल तख्त के अधिकार को कमजोर करने की कोशिशों का समर्थन नहीं कर सकता।

## आप ने आरोपों को किया खारिज

हालाँकि, आप ने इन आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का तर्क है कि भले ही फोरेंसिक रिपोर्टों ने वीडियो की जांच की हो, लेकिन वे यह साबित नहीं करतीं कि फुटेज में दिख रहा व्यक्ति भगवंत मान ही है। पार्टी ने शिरोमणि अकाली दल और बादल परिवार पर सिख संस्थानों का राजनीतिकरण करने और 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए इस विवाद का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। वडिंग ने बचाव के इस तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि आप एक धार्मिक मामले को राजनीतिक लड़ाई में बदलने की कोशिश कर रही है।

## आप उठा रही बड़ा जोखिम

कांग्रेस नेता ने आगे आरोप लगाया कि अकाल तख्त की स्थिति को खुलेआम चुनौती देकर, आप पंजाब की सिख आबादी के बड़े हिस्से को खुद से दूर करने का जोखिम उठा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को राजनीतिक सत्ता और धार्मिक संस्थाओं के बीच टकराव पैदा करने के बजाय सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए। 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले यह विवाद तेजी से पंजाब के सबसे बड़े राजनीतिक विवादों में से एक बन गया है।

# अंबानी की एजीएम घोषणा के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स ने सेबी के पास आईपीओ के कागजात जमा किए

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को ग्रुप के डिजिटल बिजनेस के लिए एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स के बोर्ड ने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए ड्राफ्ट कागजात जमा करने को मंजूरी दे दी है। इससे भारत के इतिहास में सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही स्टॉक मार्केट लिस्टिंग में से एक का रास्ता साफ हो गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स आज ही बाद में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) जमा करेगी। उन्होंने इस घटनाक्रम को कंपनी की यात्रा का एक अहम पल बताया और कहा कि लिस्टिंग से शेयरधारकों के लिए काफी वैल्यू बनेगी। ड्राफ्ट फाइलिंग के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में ₹10 की फेस वैल्यू वाले 27 करोड़ तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। यह ऑफर रेगुलेटरी मंजूरी और बाजार की स्थितियों पर निर्भर करेगा।





## कई योजनों पर चर्चा

यह घोषणा रिलायंस की एजीएम की मुख्य बातों में से एक थी, जहाँ कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सेवाओं, सैटेलाइट कनेक्टिविटी, रिटेल विस्तार और क्लीन एनर्जी से जुड़ी योजनाओं के बारे में भी बताया। अंबानी ने भारत के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और उभरते एआई इकोसिस्टम में अहम भूमिका निभाने की जियो की महत्वाकांक्षाओं को दोहराया। निवेशक और बाजार के लोग अब सेबी की समीक्षा प्रक्रिया और इश्यू साइज, वैल्यूएशन और लिस्टिंग की समय-सीमा से जुड़ी आगे की जानकारी पर बारीकी से नजर रखेंगे, जिनके आने वाले महीनों में सामने आने की उम्मीद है।

## जियो प्लेटफॉर्म्स रिलायंस की डिजिटल और टेलीकॉम शाखा

जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल और टेलीकॉम शाखा है। इसमें मोबाइल टेलीकम्युनिकेशन और ब्रॉडबैंड सेवाओं से लेकर डिजिटल एप्लिकेशन, क्लाउड ऑफरिंग और एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म तक के बिजनेस शामिल हैं। 2016 में लॉन्च होने के बाद से, जियो ने भारत के टेलीकॉम सेक्टर में बड़ा बदलाव किया है और दुनिया के सबसे बड़े सब्सक्राइबर बेस में से एक बनाया है। उम्मीद है कि यह आईपीओ भारत के अब तक के सबसे बड़े आईपीओ में से एक होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में पहले कहा गया था कि कंपनी लगभग 4 बिलियन डॉलर जुटाने की कोशिश कर सकती है, जबकि बाजार के अनुमानों के अनुसार जियो प्लेटफॉर्म्स की वैल्यू 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा है।

# जागरूकता पहलः जगरांव में 'नोवेल्टी परिवार' और VCN कंपनी द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर बना आकर्षण का केंद्र



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/जून। स्वस्थ जीवनशैली के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से आज जगरों में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह सराहनीय पहल शहर के प्रतिष्ठित 'नोवेल्टी परिवार' द्वारा VCN कंपनी के सहयोग से की गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन VCN कंपनी के वरिष्ठ सदस्य सिकंदर सिंह टोंसा द्वारा किया गया, जिन्होंने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के मंत्र दिए। इस शिविर की मुख्य विशेषता प्राचीन आयुर्वेद और आधुनिक जीवनशैली का अद्भुत समन्वय रही। सिकंदर सिंह टोंसा ने विस्तार से बताया कि कैसे छोटी-छोटी आदतों और आयुर्वेदिक उपचारों को अपनाकर जटिल बीमारियों से बचा जा सकता है। शिविर में संतुलित आहार, योग और दिनचर्या में बदलाव के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित लोगों को यह समझाया गया कि कैसे प्राकृतिक तरीके से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को बढ़ाया जा सकता है।

शिविर में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, ऐसे में यह शिविर उनके लिए आंखें खोलने वाला रहा। कार्यक्रम के समापन पर नोवेल्टी परिवार के सदस्यों ने शिविर में आए सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के जन-हितैषी स्वास्थ्य अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि एक स्वस्थ और रोग-मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

# शहादत को नमनः लुधियाना देहाती ट्रैफिक पुलिस ने श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर लगाई 'ठंडे- मीठे जल छबील'



-चरणजीत सिंह चन-

जगरांव/यूटर्न/19/जून। पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस (गुरपुरब) के पावन अवसर पर मानवता की सेवा और परोपकार का संदेश देते हुए, लुधियाना देहाती पुलिस के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस ने बस स्टैंड चौक पर एक विशाल सबील का आयोजन किया।

**गर्मी में राहगीरों के लिए बनी राहत का जरिया...**जून की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में जहां आम जनमानस का बुरा हाल है, वहीं ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगाई गई मीठे ठंडे जल की सबील यात्रियों और राहगीरों के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी।

Happy Birthday



जसकिरन कौर भट्टी

# अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए खखर NGO ने भेंट कीं दवाइयां

लुधियाना/चंडीगढ़। श्री अमरनाथ जी यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम खखर NGO यानी जन जागृति संघ ने दवाइयों का योगदान दिया। संस्था की ओर से आवश्यक दवाइयां श्री मंगला गौरी अमरनाथ समिति को भेंट की गई, ताकि यात्रा के दौरान जरूरतमंद श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।




संस्था के वाइस प्रेसिडेंट भुवन गुप्ता ने बताया कि इस बार श्री अमरनाथ जी यात्रा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और बदलते मौसम के बीच यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए दवाइयों की उपलब्धता बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से समाजसेवियों, दानदाताओं और सहयोगियों की मदद से यह सेवा अभियान चलाया गया। खखर NGO की अध्यक्ष पुनीत गुप्ता ने कहा कि संस्था मानव सेवा, शिक्षा, जागरूकता और प्रकृति संरक्षण के मूल मंत्र पर लगातार कार्य कर रही है। भविष्य में भी स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े सामाजिक अभियान जारी रहेंगे। श्री मंगला गौरी अमरनाथ समिति के प्रतिनिधियों ने खखर NGO और दानदाताओं का आभार जताया। इस अवसर पर भानू गुप्ता, संजीव पोपली, नीलम क्वात्रा, पूनम गुप्ता, पवन कुमार जैन और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## होजरी के तीन मंजिला गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



लुधियाना/यूटर्न/19 जून। माधोपुर नजदीक तिलक नगर में तीन मंजली हौजरी गोदाम में आग लग गई। गोदाम में हौजरी का आइमस जैकेट्स, स्वेटर आदि स्टाक रखा हुआ था। गोदाम के साथ की फैक्ट्रियों के कारीगर भी अपनी फैक्ट्रियों से बाहर भाग गए। मालिकों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड के कुल 13 फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुटे। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार तिलक नगर में एमजे व्यास फैक्ट्री गोदाम में शाम को करीब सवा पांच बजे दूसरी मंजिल पर आग लगी। कुछ ही मिनटों में आग दूसरी मंजिल से तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। फैक्ट्री मालिक के भाई राजन व्यास ने कहा कि सब कुछ ठीक ठाक शाम को चल रहा था।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### सोशल मीडिया पर पैसे कमाने की होड़ सारी हदें खत्म कर रही है।

आज के समय में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि कमाई का एक बड़ा माध्यम बन चुका है। अधिक फॉलोअर्स और ज्यादा कमाई की चाह में कई इन्फ्लुएंसर अपनी सीमाएं पार कर रहे हैं। कुछ लोग लोकप्रियता पाने के लिए भ्रामक जानकारी फैलाते हैं, खतरनाक स्टंट करते हैं या अशोभनीय और विवादित सामग्री प्रस्तुत करते हैं। इससे समाज, विशेषकर युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सरकार को इस क्षेत्र में हस्तक्षेप करना चाहिए। सरकार का कर्तव्य है कि वह भ्रामक विज्ञापनों, फर्जी प्रचार और समाज के लिए हानिकारक सामग्री पर उचित नियम बनाए तथा उनका पालन सुनिश्चित करे। हालांकि हर समस्या का समाधान केवल सरकारी नियंत्रण नहीं हो सकता। सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वयं इन्फ्लुएंसर्स और दर्शकों की भी है। यदि लोग अपनी नैतिक सीमाओं को समझें,

जिम्मेदारी के साथ सामग्री तैयार करें और दर्शक भी केवल अच्छी व सकारात्मक सामग्री को बढ़ावा दें, तो स्थिति काफी हद तक सुधर सकती है। इसलिए सरकारी निगरानी के साथ-साथ आत्म-अनुशासन और सामाजिक जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

क्या पति-पत्नी एक-दूसरे के खिलाफ गवाही देने से मना कर सकते हैं?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

फिल्मों और धारावाहिकों में अक्सर यह दिखाया जाता है कि पति या पत्नी अदालत में एक-दूसरे के खिलाफ गवाही नहीं दे सकते। लेकिन वास्तविक कानूनी स्थिति इससे अलग है।

भारतीय साक्ष्य कानून के अनुसार, पति और पत्नी सामान्यतः एक-दूसरे के मामलों में गवाह (witness) बन सकते हैं। केवल वैवाहिक संबंध होने के कारण कोई व्यक्ति गवाही देने से स्वतः मुक्त नहीं हो जाता। हालांकि, कानून कुछ परिस्थितियों में पति-पत्नी के बीच हुए निजी संवाद (marital communications) को विशेष संरक्षण भी देता है। अर्थात विवाह के दौरान एक-दूसरे को विश्वास में बताई गई कुछ बातें बिना अनुमति के अदालत में बताना हमेशा संभव नहीं होता।

दूसरी ओर, यदि मामला Domestic Violence, Maintenance, Child Custody, Divorce, या अन्य वैवाहिक विवाद से जुड़ा है, तो पति-पत्नी अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ गवाही देते हैं और उनके बयान महत्वपूर्ण साक्ष्य बन सकते हैं।

अदालत हर मामले में यह देखती है कि गवाही कितनी प्रासंगिक (relevant), विश्वसनीय (reliable) और कानूनी रूप से स्वीकार्य है। कई लोग यह गलतफहमी रखते हैं कि शादी के बाद पति-पत्नी कानून की नजर में एक ही व्यक्ति बन जाते हैं। जबकि दोनों की कानूनी पहचान और जिम्मेदारियां अलग-अलग बनी रहती हैं।

निष्कर्ष: पति-पत्नी एक-दूसरे के खिलाफ अदालत में गवाही दे सकते हैं। हालांकि, वैवाहिक जीवन के कुछ निजी संवादों को कानून विशेष संरक्षण भी प्रदान करता है। प्रत्येक मामले में परिस्थितियां और साक्ष्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मां बगलामुखी धाम में व्यापार उन्नति महायज्ञ का आयोजन, महंत चौधरी ने बताए स्मृद्धि के आध्यात्मिक मार्ग

लुधियाना/यूटर्न/19 जून। मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी जी के पावन सानिध्य में व्यापार उन्नति एवं सुख-समृद्धि के लिए विशेष महा यज्ञ का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर अपने व्यापार की प्रगति, परिवार की खुशहाली और जीवन में आने वाली बाधाओं के निवारण की कामना की।



यज्ञ व भजन संध्या के दौरान पूरे धाम परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा तथा मां बगलामुखी के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी प्रवचन में महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि व्यापार में सफलता केवल मेहनत से ही नहीं, बल्कि सदाचार, विश्वास और मां बगलामुखी की कृपा से भी प्राप्त होती है। व्यापार केवल धन अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का भी एक महत्वपूर्ण साधन है।

इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, सुनील हांडा, जतिन सूद, संदीप सूद, तरुण चौधरी, परमवीर चौधरी, नरिन्द्र सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिन्द्र महाजन, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवेश चड्ढा, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता, वरुण चोपड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# मनीषा मलिक को अकाली दल में मिली बड़ी जिम्मेदारी

जीरकपुर/यूटर्न/19 जून। शिरोमणि अकाली दल की जुझारू कार्यकर्ता मनीषा मलिक को पार्टी की ओर से शिरोमणि अकाली दल पंजाब स्टेट की जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति के बाद बलटाना क्षेत्र के अकाली दल कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं ने कहा कि मनीषा मलिक लंबे समय से शिरोमणि अकाली दल के साथ जुड़कर सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। उन्होंने पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत, निष्ठा और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।



अपनी नियुक्ति पर मनीषा मलिक ने शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ लीडरशिप, पार्टी प्रधान, पूर्व हलका विधायक एनके शर्मा और पार्टी से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी ईमानदारी और मेहनत से काम करेंगी।

# सोसाइटी द्वारा 95वां राशन वितरण समारोह आयोजित, 78 जरूरतमंद परिवारों को मिली सहायता



लुधियाना/यूटर्न/19 जून। श्री मुक्तेश्वर निष्काम सेवा सोसाइटी द्वारा 95वें मासिक राशन वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 78 जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को मुफ्त राशन किट वितरित की गई। सोसाइटी के चेयरमैन नील कमल शर्मा ने बताया कि संस्था लंबे समय से निष्काम भावना के साथ समाज सेवा के कार्यों में लगी हुई है और भविष्य में भी यह सेवाएं लगातार जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी से जुड़ी महिलाओं के बच्चे यदि सिलाई-कढ़ाई का कार्य जानते हैं, तो वे सोसाइटी से संपर्क कर सकते हैं। संस्था द्वारा उन्हें सिलाई मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि वे स्वरोजगार शुरू कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। इस मौके पर सोसाइटी के कैशियर दीपक आनंद ने बताया कि आने वाले दिनों में एक विशेष मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें आंख, दांत और कानों की जांच की जाएगी। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में चश्मे, सुनने की मशीनें और दंत सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में पंजाब सरकार के पीपीसी चेयरमैन एवं समाज सेवक सुनील कपूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुनील कपूर ने सोसाइटी द्वारा किए जा रहे निष्काम सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज के स्वार्थपूर्ण युग में भी संस्था बिना किसी निजी लाभ के विधवा, गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सेवा कर रही है, जो बेहद सराहनीय पहल है।

# शिरोमणि अकाली दल ने फूंका संगठनात्मक मजबूती का संकल्प

## बूथ स्तर पर सक्रिय हुआ अकाली दल: क्लेर ने कार्यकर्ताओं को सौंपा 'मिशन जीत'

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/19/जून। शिरोमणि अकाली दल ने आगामी गतिविधियों और पार्टी संगठन को धार देने के लिए जगरांव में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य और पूर्व विधायक एस.आर. क्लेर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बूथ लेवल एजेंटों (BLA) और बड़ी संख्या में स्थानीय नेताओं व कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एस.आर. क्लेर ने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं और हर इछुअ को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभानी होगी। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर दिया और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता का सक्रिय और अनुशासित होना अनिवार्य है। बैठक में पूर्व चेयरमैन दीदार सिंह मलक, पार्षद दविंदरजीत सिंह सिद्धू और पार्टी के विभिन्न विंगों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी नेताओं ने एक स्वर में पार्टी को मजबूती देने और आगामी रणनीति पर मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# फोकल प्वाइंट में उद्योगों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राउंड जीरो पर पहुंचे निगम कमिश्नर, कारोबारियों से की मुलाकात



लुधियाना/यूटर्न/18 जून। शहर में मानसून तैयारियों और मिशन क्लीन पंजाब के तहत सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार गुरुवार को फोकल प्वाइंट क्षेत्रों में उद्योगपतियों के साथ ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। उन्होंने करीब तीन घंटे तक फील्ड में रहकर फेज-4, फेज-4ए, फेज-5 और फेज-6 सहित विभिन्न औद्योगिक इलाकों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीआईआई से रजनीश आहूजा, राहुल आहूजा और गौतम ढल्ल, जबकि सीआईसीयू से उपकार सिंह आहूजा, ऋषि गुप्ता, अंबरीश जैन, अशप्रीत साहनी, गुनजीत गंभीर, नरेश, राजीव जैन, अमन बसी और अनिल बेदी समेत कई उद्योगपति मौजूद रहे।नगर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने, पार्कों के रखरखाव और सीवरेज लाइनों की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक निजी वाहन चालक को खुले में कूड़ा फेंकते हुए पकड़ा गया, जिसके खिलाफ चालान जारी करने और कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए।

कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि मानसून को देखते हुए शहर की मुख्य सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है और इसे 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# बच्चों ने पोस्टरों के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




लुधियाना/यूटर्न/19 जून। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना की ओर से नोबल फाउंडेशन, बीआरएस नगर में विद्यार्थियों के लिए 'पर्यावरण प्रदूषण' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक शिव शंकर के मार्गदर्शन और क्षेत्रीय प्रबंधक राजविंद्र कौर के सान्निध्य में करवाया गया। प्रतियोगिता में नोबल फाउंडेशन के मुंडिया, बसंत एवेन्यू और बीआरएस नगर स्थित स्कूलों के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी शौर्य चौधरी ने व्यवसाय प्रबंधक सरबजीत सिंह के सहयोग से किया। प्रतियोगिता में कुमारी नीतू ने प्रथम, कुमारी दीक्षा ने द्वितीय और कुमारी लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुमारी खुशी और कुमारी जानकी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक राजविंद्र कौर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की भावना बचपन से विकसित करना समय की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में नोबल फाउंडेशन के चेयरमैन राजिंदर शर्मा ने अधिकारियों का धन्यवाद किया।

# श्री अकाल तख्त साहिब को सर्वोच्च बताने वाले मुख्यमंत्री मान अब टिप्पणी क्यों कर रहे हैं: भूपिंदर बिंदा

राकेश गर्ग



लुधियाना/यूटर्न/19 जून। अकाली जत्था शहरी के प्रधान भूपिंदर सिंह बिंदा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की विवादित वीडियो को लेकर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मान एक ओर श्री अकाल तख्त साहिब को सिखों का सर्वोच्च धार्मिक स्थान बताते हैं और खुद भी उसके सम्मान की बात करते हैं, लेकिन दूसरी ओर उसी सर्वोच्च स्थान से जुड़े सिंह साहिब जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज द्वारा वायरल वीडियो मामले में की गई जांच और टिप्पणियों पर सवाल उठाने से पीछे नहीं हट रहे। भिंदा ने कहा कि मुख्यमंत्री मान कभी स्वयं को एक निमाने सिख की तरह श्री अकाल तख्त साहिब पर नतमस्तक होने की बात कहते हैं, तो कभी अपने बचाव में वहां से आए निदेशों और टिप्पणियों पर ही किंतु-परंतु करने लगते हैं। इससे उनका दोहरा राजनीतिक चेहरा एक बार फिर जनता के सामने आ गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अपनी गलतियों का ठीकरा शिरोमणि अकाली दल के सिर फोड़कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पंजाब के लोग अब उनकी कार्यशैली और व्यक्तित्व को अच्छी तरह पहचान चुके हैं। भिंदा ने कहा कि मान सरकार ने पंजाब और पंजाबियत को नुकसान पहुंचाया है और धार्मिक भावनाओं से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता दिखाने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है। भिंदा ने चेतावनी दी कि पंजाब के लोग धार्मिक मर्यादा और गुरु साहिबान के सम्मान से जुड़े मामलों को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। समय आने पर मुख्यमंत्री मान को अपनी हर गलती का जवाब देना पड़ेगा।

# मलेशिया से डिपोर्ट किए गए केजेडएफ के दो वांछित आतंकी गिरफ्तार, पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) से जुड़े दो वांछित आतंकियों को मलेशिया से डिपोर्ट करवाकर गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत में लेने के बाद आगे की जांच के लिए पंजाब लाया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंबाला निवासी गुरविंदर सिंह और पटियाला निवासी मंजीत सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में दोनों की भूमिका केजेडएफ समर्थित आतंकी मॉड्यूल में महत्वपूर्ण पाई गई है। पुलिस के अनुसार यह मॉड्यूल पंजाब में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सहित रेलवे के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की साजिश में शामिल था। पुलिस के



मुताबिक इसी मॉड्यूल का संबंध 23 जनवरी को फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद के निकट रेलवे फ्रेट कॉरिडोर लाइन पर हुए आईईडी विस्फोट और 27 अप्रैल को पटियाला के शंभू क्षेत्र में उसी कॉरिडोर पर विस्फोट की असफल कोशिश से भी जुड़ा हुआ है।

इस मामले की जांच के दौरान पंजाब पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने उनके कब्जे से आरपीजी लॉन्चर, आईईडी, आरडीएक्स, हैंड ग्रेनेड, बड़ी मात्रा में गोला-बारूद तथा अत्याधुनिक पिस्तौलें बरामद की थीं। जांच में यह भी सामने आया कि मलेशिया से संचालित केजेडएफ के हैंडलर और फंडिंग नेटवर्क इस साजिश में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। डिपोर्ट किए गए दोनों आरोपी विदेशी खातों के माध्यम से पंजाब में केजेडएफ से जुड़े लोगों तक आतंकी फंड पहुंचाने का काम कर रहे थे। जांच एजेंसियों के अनुसार वे राज्य में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की योजनाओं में सहयोग कर रहे थे। दोनों आरोपियों को 18 जून को पटियाला की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगे की पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अब इस अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और पूरे मॉड्यूल का खुलासा करने में जुटी हुई है।

# योग दिवस पर बदलेगा मौसम का मिजाज, पंजाब-चंडीगढ़ में बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। भीषण गर्मी से जूझ रहे पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 21 जून, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मौसम करवट लेगा और राज्य के कई हिस्सों में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने पंजाब के 18 जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इनमें पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, मोगा, बठिंडा, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और मोहाली शामिल हैं। विभाग के अनुसार शुक्रवार और शनिवार को सीमित क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन 21 जून को पश्चिमी विक्षोभ के और मजबूत होने से मौसम गतिविधियां बढ़ेंगी। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज होने और लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### बठिंडा रहा सबसे गर्म

वीरवार को पंजाब में मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहा, जिससे अधिकतम तापमान में औसतन 1.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बठिंडा 42.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म जिला रहा। वहीं पटियाला में 40 डिग्री, पठानकोट में 39.5 डिग्री, रूपनगर में 39 डिग्री और अमृतसर में 37.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### बारिश के आंकड़ों में उतार-चढ़ाव

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 12 से 18 जून के बीच पंजाब में 16.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 28 प्रतिशत अधिक है। हालांकि एक जून से 18 जून तक की अवधि में राज्य में कुल 20.9 मिलीमीटर वर्षा हुई, जो सामान्य से 14 प्रतिशत कम रही।

### आंधी-बारिश से हुआ नुकसान

मंडी गोबिंदगढ़ में वीरवार को आई तेज आंधी और बारिश से कई औद्योगिक इकाइयों को नुकसान पहुंचा। गांव डडहेड़ी और कोटला डडहेड़ी मार्ग स्थित राइस मिलों के शेड उड़ गए और कई दीवारें गिर गईं। उद्योगपतियों ने लाखों रुपये के नुकसान का दावा किया है। वहीं मुगल माजरा के निकट 66 केवी सब-स्टेशन का एक हिस्सा गिरने से आसपास के कई मकानों को नुकसान पहुंचा और बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। हालांकि घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

### चंडीगढ़ में भी राहत के आसार

चंडीगढ़ में 21 जून से बादल छाने और बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 22 और 23 जून को भी मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहेगा। अधिकतम तापमान घटकर 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वीरवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ दिनों में बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां बढ़ने से गर्मी और उमस से राहत मिलेगी, हालांकि किसानों और खुले क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों का ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाकर कांग्रेस ने छात्रों के मुद्दों पर अभियान का किया ऐलान

## शिक्षा व्यवस्था की खामियों और पेपर लीक के खिलाफ चलेगा जनजागरण अभियान

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को सेक्टर-35 स्थित राजीव गांधी भवन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी के नेतृत्व में केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने कहा कि राहुल गांधी आज देश के लाखों छात्रों की आवाज बनकर उभरे हैं, जो पेपर लीक, भर्ती घोटालों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा निराशा और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है, जबकि राहुल गांधी लगातार छात्रों के हितों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ रहे हैं। लक्की ने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में कोटा से छात्रों के हितों को लेकर राष्ट्रीय मुहिम की शुरूआत की है। कोटा में विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त खामियों, परीक्षा प्रणाली की कमियों और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के भविष्य को सुरक्षित करने का अभियान है। आने वाले समय में राहुल गांधी विभिन्न राज्यों में छात्रों से संवाद कर उनके मुद्दों को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाएंगे। बैठक के दौरान कोटा में आयोजित राहुल गांधी के कार्यक्रम का वीडियो भी दिखाया गया। इसके बाद एच.एस. लक्की ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि अगले सप्ताह छात्रों के मुद्दों पर विस्तृत प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। साथ ही चंडीगढ़ के सभी पांच जिलों और विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरण कार्यक्रम चलाकर शिक्षा सुधार और छात्रों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को जनता तक पहुंचाया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि 26 जून को छात्रों के मुद्दों पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें चंडीगढ़ से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्यक्रम में छात्रों की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

लक्की ने युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान को छात्रों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार छात्रों के अधिकारों और शिक्षा सुधार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुधार की मांग को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा घोटाले लाखों छात्रों और उनके परिवारों के सपनों पर सीधा आघात हैं तथा पार्टी ऐसे छात्रों को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रखेगी।

# चंडीगढ़ प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से सभी 42 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कौशल शिक्षा का विस्तार किया

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की परिकल्पना तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा-निर्देशों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से संघ राज्य क्षेत्र के सभी 42 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्किल इलेक्टिव (कौशल वैकल्पिक) पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 तक 23 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे थे। अब सभी 42 विद्यालयों तक इस सुविधा के विस्तार के साथ विज्ञान, वाणिज्य तथा मानविकी संकाय के विद्यार्थियों को नियमित शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

विद्यार्थी 30 स्किल इलेक्टिव पाठ्यक्रमों के व्यापक विकल्पों में से अपनी रुचि के अनुसार चयन कर सकेंगे। ये पाठ्यक्रम उभरती प्रौद्योगिकियों, वाणिज्य, स्वास्थ्य सेवाओं, आतिथ्य, डिजाइन, वेलनेस तथा अन्य उद्योगोन्मुख क्षेत्रों को समाहित करते हैं। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सूचना प्रौद्योगिकी, वेब एप्लीकेशंस, बैंकिंग, मार्केटिंग, फाइनेंशियल मार्केट मैनेजमेंट, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हेल्थ केयर, फूड प्रोडक्शन, पर्यटन, ब्यूटी एंड वेलनेस, योग, फैशन स्टडीज, इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव, एसी एवं रेफ्रिजरेशन, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशंस, ऑफिस प्रोसीजर्स एंड प्रैक्टिसेज, सेल्समैनशिप, कॉस्ट अकाउंटिंग, टाइपोग्राफी एवं कंप्यूटर एप्लीकेशंस तथा अंग्रेजी एवं हिंदी शॉर्टहैंड सहित अन्य उद्योग-संबंधित विषय शामिल हैं।

# जीरकपुर के तीन वार्डों में विधायक रंधावा ने सुनीं लोगों की समस्याएं

## वार्ड नंबर 27, 28 और 02 में जन मिलनी, अधिकारियों को समाधान के निर्देश



जीरकपुर/यूटर्न/19 जून। डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने शुक्रवार को जीरकपुर के विभिन्न वार्डों में जन मिलनी कार्यक्रम कर लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड नंबर 27 शिवा एन्क्लेव, वार्ड नंबर 28 भबात स्थित गुग्गा माड़ी के पास और वार्ड नंबर 02 जर्नैल एन्क्लेव फेज-2 में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। लोगों ने अपने-अपने इलाकों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव विधायक के सामने रखे।

विधायक रंधावा ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से बात कर उनके जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। लोगों को संबोधित करते हुए रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने राजनीति की परिभाषा बदलते हुए लोगों को केंद्र में रखा है। आज विधायक, मंत्री और अधिकारी लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। इसी उद्देश्य से जन मिलनी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समस्याओं को मौके पर सुनकर उनके समाधान की प्रक्रिया तेज की जा सके।

रंधावा ने कहा कि 'हर दरवाजे तक सरकार, हर समस्या का समाधान' केवल नारा नहीं, बल्कि मान सरकार की कार्यशैली है। सरकार लोगों के बीच रहकर काम कर रही है और जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर वार्ड इंचार्ज प्रताप विरक, काउंसलर जशनप्रीत कौर, वार्ड इंचार्ज अमनप्रताप सिंह, गुरप्रीत विरक, सुखबीर सिंह लक्की, पाली सिद्धू, ब्लॉक प्रधान सहित अन्य पार्टी सदस्य मौजूद रहे।

# सरकारी दफ्तरों में अचानक पहुंचे विधायक रंधावा, कर्मचारियों की हाजिरी और सुविधाओं की जांच





डेराबस्सी/यूटर्न/19 जून। डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा वीरवार सुबह सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली जांचने के लिए अचानक मैदान में उतरे। उन्होंने सिविल अस्पताल, बीडीपीओ कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति और लोगों को मिल रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। सबसे पहले विधायक रंधावा सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों और स्टाफ की हाजिरी, सफाई व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता और इलाज प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी परेशानियां भी सुनीं।

इसके बाद विधायक ने बीडीपीओ कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति, लंबित फाइलों, जनसेवाओं और आम लोगों के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी दफ्तरों में आने वाले लोगों को बार-बार चक्कर न कटवाए जाएं और उनके काम तय समय में पूरे किए जाएं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस :लाजपत राय DAV कॉलेज में कल सुबह योग का महाकुंभ, शहरवासी होंगे शामिल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार, 21 जून को स्थानीय लाजपत राय डी.ए.वी. कॉलेज के प्रांगण में एक भव्य और विशाल योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह है।



कॉलेज प्रशासन और भारत विकास परिषद का साझा प्रयास

पतंजलि के मुख्य योग प्रशिक्षक शशि भूषण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योग शिविर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनुज शर्मा की कुशल देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में 'भारत विकास परिषद, जगरांव' के अध्यक्ष प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी और उनकी पूरी टीम विशेष सहयोग प्रदान कर रही है।

सुबह 5:30 बजे से शुरू होगा योग का अभ्यास

योग शिविर का समय प्रात: 5:30 बजे से 7:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रशिक्षकों की टीम शहरवासियों को योग के विभिन्न आयामों से जोड़ेगी:

प्रशिक्षक टीम: मुख्य योग प्रशिक्षक शशि भूषण जैन के साथ सहायक योग प्रशिक्षिकाएं राधिका गोयल, मीनू वर्मा और शैली गुप्ता साधकों को योग का अभ्यास कराएंगी।

विशेष सत्र: शिविर में योगिक जॉगिंग, विभिन्न प्रकार के प्राणायाम और महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास करवाया जाएगा, जो शरीर और मन को निरोगी बनाने में सहायक हैं।

आमंत्रण: आयोजकों ने जगरॉ शहर के सभी निवासियों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं और अपने परिवार के साथ बड़ी संख्या में पहुंचकर योग शिविर को सफल बनाएं।

# डेराबस्सी और जीरकपुर में 'जनरल', लालड़ू में 'एससी' के लिए आरक्षित हुआ प्रधान पद

## अगले सप्ताह हो सकता है तीनों नगर निकायों की प्रधानगी का फैसला, डेराबस्सी-जीरकपुर में जनरल, लालड़ू में एससी वर्ग के लिए प्रधान पद आरक्षित



डेराबस्सी/यूटर्न/19 जून। स्थानीय सरकार विभाग पंजाब की ओर से नगर निकायों में प्रधान पद के चुनाव और आरक्षण को लेकर जारी नोटिफिकेशन के बाद डेराबस्सी हलके की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। नोटिफिकेशन के अनुसार डेराबस्सी और जीरकपुर नगर परिषद में प्रधान पद इस बार जनरल ओपन रखा गया है, जबकि लालड़ू नगर परिषद में यह पद अनुसूचित जाति वर्ग के पार्षद के लिए आरक्षित किया गया है।

नोटिफिकेशन जारी होते ही तीनों नगर परिषदों में प्रधानगी को लेकर पार्षदों की सक्रियता बढ़ गई है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह डेराबस्सी, जीरकपुर और लालड़ू में प्रधान पद के लिए बैठकें आयोजित की जा सकती हैं। इसके लिए अलग-अलग दिन तय किए जाने की तैयारी चल रही है। जीरकपुर और लालड़ू को इस बार नया प्रधान मिलना तय माना जा रहा है, जबकि डेराबस्सी में नए पार्षदों के साथ-साथ पुराने चेहरों के नाम भी प्रधानगी की दौड़ में चर्चा में हैं। डेराबस्सी में आम आदमी पार्टी को बहुमत मिलने के बाद प्रधान, वरिष्ठ उपप्रधान और उपप्रधान पदों पर किसे मौका मिलता है, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं। हालांकि विभाग का नोटिफिकेशन केवल प्रधान पद के आरक्षण को लेकर जारी हुआ है, लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी हर वर्ग और क्षेत्रीय संतुलन को साधने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रधान के साथ ही वरिष्ठ उपप्रधान और उपप्रधान पदों को भी एक साथ तय किया जा सकता है। इन पदों पर पार्षदों की वरिष्ठता, जातीय समीकरण, महिला प्रतिनिधित्व, क्षेत्रीय संतुलन और पार्टी के प्रति सक्रियता को आधार बनाया जा रहा है।

### विधायक ने पार्षदों को दी हिदायत, लामबंदी से बचें

डेराबस्सी विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने प्रधानगी को लेकर पार्टी पार्षदों को स्पष्ट संदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार डेराबस्सी में हुई बैठक के दौरान उन्होंने पार्षदों को हिदायत दी कि पद पाने के लिए किसी भी प्रकार की लामबंदी न की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई पार्षद अपने पक्ष में सिफारिशें न करवाए और न ही गुटबाजी जैसा माहौल बनाया जाए। विधायक ने पार्षदों को यह भी चेताया कि यदि कोई पार्षद इकट्ठे होकर दबाव बनाने या शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश करता है तो इसे पार्टी अनुशासन के खिलाफ माना जा सकता है। ऐसी गतिविधियां दावेदारी को मजबूत करने के बजाय नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### तीनों परिषदों में दावेदारों के नामों पर चर्चा

पार्टी सूत्रों के अनुसार डेराबस्सी नगर परिषद में हरजीत कौर, दविंदर सैनी, अजय कुमार के अलावा पुराने पार्षदों में उपनेजा दंपती के नाम चर्चा में हैं। उपनेजा दंपती का नाम इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि वे राजनीतिक रूप से अनुभवी माने जाते हैं। वहीं, नए चेहरों को मौका देने की मांग भी पार्टी के भीतर उठ रही है। लालड़ू में प्रधान पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद समीकरण अलग हो गए हैं। यहां आम आदमी पार्टी के चार एससी पार्षद बताए जा रहे हैं। इनमें जोरावर सिंह और जरनैल कौर के नाम सबसे आगे चल रहे हैं। महिला फैक्टर को देखते हुए जरनैल कौर की दावेदारी को भी अहम माना जा रहा है। जीरकपुर में प्रधान पद जनरल ओपन होने के कारण दावेदारों की संख्या बढ़ गई है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में, तिरंगा पार्क में जुटेंगे 3500 प्रतिभागी

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। 21 जून को सेक्टर-17 स्थित तिरंगा पार्क में आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग फॉर वेलनेस, विजडम एंड वर्ल्ड पीस' रखी गई है। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन में करीब 3500 प्रतिभागियों के योगाभ्यास में भाग लेने की संभावना है।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न पिक-अप प्वाइंट्स से प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए 25 बसों की व्यवस्था की गई है।



बैठक में प्रतिभागियों के लिए स्वच्छ पेयजल, मोबाइल शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। वहीं चंडीगढ़ पुलिस को सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन के लाइव प्रसारण की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तकनीकी दृष्टि से सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री के संबोधन का निर्बाध प्रसारण सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ जीवनशैली और सामूहिक कल्याण को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन है। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने और कार्यक्रम को सुचारु, अनुशासित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासक गुलाब चंद कटारिया शहर में योग के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 16 व्यक्तियों को सम्मानित भी करेंगे।

# चंडीगढ़ में 21 जून को होगा नीट -युजी 2026, 3800 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा; सुरक्षा के कड़े इंतजाम

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट युजी ) 2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी आयोजन को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा में चंडीगढ़ में करीब 3800 अभ्यर्थी शामिल होंगे।



उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा के लिए शहर के विभिन्न स्कूलों में कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गोपनीय प्रश्न पत्रों और अन्य संवेदनशील सामग्री को निर्धारित बैंकों से परीक्षा केंद्रों तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा में पहुंचाया जाएगा। इस दौरान संबंधित केंद्र अधीक्षक भी साथ रहेंगे।

नकल रोकने और परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक जैमर लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग न किया जा सके। इसके अलावा अभ्यर्थियों की दो चरणों में सघन जांच की जाएगी। पहले चरण में स्थानीय पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा नियुक्त पेशेवर एजेंसी जांच करेगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, वेंटिलेशन और स्वच्छता संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए हैं, जो परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिम्मेदार होंगे। उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा के दिन अपना एडमिट कार्ड और वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र साथ लेकर आएं तथा परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले अपने केंद्र पर पहुंच जाएं। उन्होंने अभ्यर्थियों, अभिभावकों और आम जनता से परीक्षा के सुचारु संचालन में सहयोग करने की अपील भी की।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर डेराबस्सी में कांग्रेस नेताओं ने काटा केक, दी बधाई



डेराबस्सी/यूटर्न/19 जून। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी का जन्मदिन डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एक विशेष धार्मिक व सामाजिक आयोजन किया गया, जिसमें सेवा, पर्यावरण और राजनीतिक उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। भीषण गर्मी को देखते हुए इस मौके पर राहगीरों के लिए ठंडे व मीठे पानी की छबील भी लगाई गई। इस मौके पर डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपइंदर सिंह ढिल्लों और कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बलिहार सिंह बली के नेतृत्व में विशेष रूप से केक काटा गया। उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।

## सेक्टर-11 गोलीकांड केस सुलझाने पर चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने पुलिस की सराहना की

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। सेक्टर-17 स्थित चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने सेक्टर-11 के एक केमिस्ट शॉप पर हुई गोलीबारी के मामले को कम समय में सुलझाने पर चंडीगढ़ पुलिस की प्रशंसा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी और अन्य सदस्यों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई को व्यापारिक समुदाय के लिए राहत भरा कदम बताया। एसोसिएशन ने अपने बयान में कहा कि पुलिस ने पेशेवर दक्षता, साहस और समर्पण का परिचय देते हुए मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे न केवल अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है, बल्कि व्यापारियों और आम लोगों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है।



कमलजीत सिंह पंछी ने कहा कि पुलिस की प्रभावी कार्यशैली से व्यापारिक समुदाय का कानून व्यवस्था पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी पुलिस इसी तरह तत्परता से कार्रवाई कर शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखेगी। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने इस सफल अभियान के लिए चंडीगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस का यह कदम सराहनीय है।

## राशन सब्सिडी के लिए मोबाइल एप अनिवार्य, 25 हजार लाभार्थियों ने अभी तक नहीं पूरी की प्रक्रिया

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। राशन कार्ड धारकों को मिलने वाली सब्सिडी अब नई डिजिटल व्यवस्था के तहत मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा लाभार्थियों की सहायता के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार 3 जून 2026 से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विकास नगर (मौलीजागरां), मलोया, सेक्टर-25, बुड़ैल, खजेरी, हल्लोमाजरा, धनास, डड्डूमाजरा, रामदरबार, बुटरेला, बापूधाम, सेक्टर-30, 40, 56 तथा मनीमाजरा समेत विभिन्न सामुदायिक केंद्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़ में 40 हजार से अधिक राशन कार्ड धारक मोबाइल एप डाउनलोड कर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। हालांकि अभी भी करीब 25 हजार लाभार्थियों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है। इनमें मलोया, मौली जागरां, मनीमाजरा, सेक्टर-25, बुड़ैल, सेक्टर-55, सेक्टर-56, हल्लोमाजरा और पलसोरा क्षेत्र के लाभार्थियों की संख्या अधिक है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन लाभार्थियों ने अपनी जानकारी पहले ही जमा करवा दी है, लेकिन अभी तक मोबाइल एप डाउनलोड नहीं किया है, वे आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल फोन लेकर शिविरों में पहुंचकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। वहीं जिन लोगों ने अभी तक अपनी जानकारी जमा नहीं करवाई है, उन्हें भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर पंजीकरण करवाने की सलाह दी गई है। अधिकारियों के अनुसार राशन सब्सिडी प्राप्त करने के लिए मोबाइल एप डाउनलोड और सक्रिय करना अनिवार्य है। निर्धारित प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले लाभार्थियों की सब्सिडी राशि बंद हो सकती है। इसलिए सभी पात्र लाभार्थियों से जल्द से जल्द पंजीकरण पूरा करने की अपील की गई है।

विभाग ने बताया कि जिन लोगों ने पहले ही अपनी जानकारी जमा करवा दी है, वे घर बैठे भी गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से पीएनबी डिजिटल रुपया एप डाउनलोड कर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, चंडीगढ़ की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-2068 पर संपर्क किया जा सकता है।

# देवर ने भाभी के बॉयफ्रेंड की हत्या की, बड़े भाई ने सुसाइड किया, बदला लेने को मारा

पंजाब/यूटर्न/19 जून। पंजाब के मानसा में भाभी के अवैध संबंधों से नाराज देवर ने बॉयफ्रेंड का कत्ल कर दिया। आरोपी ने उसे भाई के सुसाइड का जिम्मेदार मानते हुए साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। जब युवक घर से सब्जी लेने के लिए मंडी जा रहा था, तभी उसने रॉड और कृपाण से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के बड़े भाई ने एक हफ्ते पहले ही सुसाइड किया था। छोटे भाई को शक था कि बड़े भाई ने अपनी पत्नी के अवैध संबंधों का पता चलने पर ही ऐसा कदम उठाया। पुलिस ने मामले में शुक्रवार को मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है।



## *भाई की आत्महत्या के बाद रंजिश पाली*

*एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी मती सिंह (30) के बड़े भाई ने एक हफ्ते पहले सुसाइड कर लिया था। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मती सिंह अपने भाई की मौत के लिए हरदीप सिंह को जिम्मेदार मानता था। मती सिंह के भाई की पत्नी और हरदीप सिंह के बीच कथित अवैध संबंध थे, जिसके चलते उसका भाई मानसिक तनाव में था।*

## सब्जी मंडी जाते समय घेरकर रॉड-कृपाण से हमला

मानसा के एसएसपी भगीरथ सिंह मीणा ने बताया कि 17 जून की सुबह हरदीप सिंह (28) गांव दरियापुर खुर्द स्थित अपने घर से सब्जी मंडी जाने के लिए निकला था। रेलवे फाटक के नजदीक पहले से घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उसे घेर लिया और रॉड-कृपाण से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हरदीप सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक हरदीप सिंह और सभी आरोपी गांव दरियापुर खुर्द के ही निवासी हैं। घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच शुरू की।

## बदला लेने के लिए रची हत्या की साजिश

पुलिस के अनुसार, भाई की मौत से आहत मती सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर हरदीप सिंह की हत्या की योजना बनाई। आरोपियों ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और मौका मिलते ही मंडी जाते समय उसे घेरकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के तुरंत बाद मानसा पुलिस ने अलग-अलग जांच टीमों का गठन किया। तकनीकी साक्ष्यों और जमीनी इनपुट के आधार पर पुलिस ने 36 घंटे के अंदर चार नामजद आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया।

# शातिर अपराधी जीजा-साला गिरफ्तार, 2 हत्या कर ससुराल में छिपा था, विदेशी पिस्टल्स बरामद

पंजाब/यूटर्न/19 जून। पठानकोट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से अत्याधुनिक विदेशी हथियार और एक कार बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी आपस में जीजा-साला हैं और दोनों का ही पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि इन आरोपियों ने विदेश में बैठे अपने एक साथी से संपर्क कर इन अत्याधुनिक हथियारों को हासिल किया था। इस गिरोह के तार पंजाब के अन्य जिलों के अपराधियों से भी जुड़े हुए हैं, जिसके संबंध में पठानकोट पुलिस ने संबंधित जिला पुलिस को सूचना साझा कर दी है। आरोपियों की पहचान जालंधर के संतोखपुरा मोहल्ला निवासी साजन और उसके पठानकोट के मोहल्ला बावियां निवासी प्रिंस गोस्वामी के तौर पर हुई है।




## सीक्रेट इनपुट पर नाकाबंदी कर दबोचा

मिली जानकारी के मुताबिक ठानकोट पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में कार से घूम रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सरना में नाकाबंदी की और कार को इंटरसेप्ट कर दोनों आरोपियों को धर-दबोचा। पुलिस को आरोपियों की गाड़ी की तलाशी के दौरान तीन बेहद अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं।

## यूएसए और इटली मेड पिस्टल बरामद

पुलिस को आरोपियों की तलाशी के दौरान विदेशी हथियान बरामद हुए। आरोपियों के पास से मेड इन इटली बरेटा पिस्तौल (34 कैलिबर), इंडियन ऑर्डिनेंस पिस्तौल (34 कैलिबर) और मेड इन यूएसए ग्लॉक पिस्तौल बरामद हुई। इसके अलावा आरोपियों से 12 जिंदा रौंद भी मिले हैं। सदर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अमेरिका में पंजाबी छात्र ने माता-पिता-नानी को मारी गोली, भागते समय हादसा होने से आरोपी गिरफ्तार

जालंधर/यूटर्न/19 जून। अमेरिका के वर्जीनिया में नवाशहर का 19 वर्षीय पंजाबी छात्र गौरव चोपड़ा ने अपने ही परिवार पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इस दर्दनाक घटना में गौरव के पिता सीता राम (सुविधा राम), माता कमलेश रानी और नानी महेंद्र कौर की सिर में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका 21 वर्षीय बड़ा भाई सजन इस हमले में बाल-बाल बच गया। आरोपी छात्र को पुलिस ने कार दुर्घटना और हथियार खराब होने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस खौफनाक वारदात के बाद मृतक परिवार के पैतृक गांव लखपुर पंजाब में मातम पसरा हुआ है और रिश्तेदार गहरे सदमे में हैं। यह दिल दहला देने वाली घटना 17 जून की रात अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के बर्टन नावा शहर के अंतर्गत आने वाले स्कैनोन विलेज में हुई।



## अमेरिका के स्कैनोन विलेज में मची चीख-पुकारन

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, 19 वर्षीय गौरव चोपड़ा यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास रियो ग्रांडे वैलीका छात्र है। उसने अचानक अपने ही घर में परिवार के सदस्यों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। हमले के दौरान आरोपी गौरव ने अपनी 46 वर्षीय मां कमलेश रानी, 56 वर्षीय पिता सीता राम और 73 वर्षीय नानी महेंद्र कौर के सिर में गोलियां लगने से मौके पर ही मौत हो गई। उसने अपने 21 वर्षीय बड़े भाई सजन को भी निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन वह किस्मत से बच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी गौरव मौके से फरार हो गया।

# प्रियंका चोपड़ा की ग्लैमरस बीच फोटो ने मचाई हलचल, फैंस बोले–देसी गर्ल का जलवा कायम



ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर अपनी स्टनिंग बीच फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर छा गई हैं। समुद्र किनारे ब्लैक आउटफिट में प्रियंका का बोल्ड और कॉन्फिडेंट अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। तस्वीर में प्रियंका का नैचुरल ग्लो, खुले बाल और स्टाइलिश लुक लोगों का ध्यान खींच रहा है। फोटो सामने आते ही सोशल मीडिया पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई। फैंस उन्हें 'ग्लोबल देसी गर्ल' और 'फैशन क्वीन' कहकर तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि प्रियंका हर बार अपने अंदाज से साबित कर देती हैं कि स्टाइल और कॉन्फिडेंस में उनका कोई मुकाबला नहीं। उनकी यह बीच फोटो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है और फैंस इसे उनका अब तक का सबसे आकर्षक लुक बता रहे हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन सक्रिय, जागरूकता वैन रवाना

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने और नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से चंडीगढ़ प्रशासन ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने गुरुवार को सेक्टर-9 स्थित चंडीगढ़ सचिवालय से एसआईआर जन-जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष अभियान मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण के गणना चरण के तहत चलाया जा रहा है, जो 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक जारी रहेगा। जागरूकता वैन शहर के विभिन्न सेक्टरों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों को मतदाता






सूची में अपने नाम, पते और अन्य विवरणों के सत्यापन एवं संशोधन संबंधी जानकारी देगी। अभियान के तहत लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर एसआईआर फोटो बूथ भी स्थापित किया गया, जहां नागरिकों ने निर्वाचन जागरूकता से जुड़े संदेशों के साथ भागीदारी दर्ज करवाई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें और गणना चरण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित, अद्यतन और समावेशी मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा आवश्यक संशोधन सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) राजीव तिवारी , नवीन सहित चंडीगढ़ प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा अध्यक्ष के बयान पर सियासत गरमाई, 'आप' ने कमलम के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

## जतिंदर पाल मल्होत्रा से इस्तीफे और माफी की मांग, पुतला फूंककर जताया रोष





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 जून। भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जतिन्दर पाल मल्होत्रा की कथित टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को शहर की राजनीति गरमा गई। आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-33 स्थित भाजपा मुख्यालय 'कमलम' के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए मल्होत्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व चंडीगढ़ आप अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए और पंजाबियों के सम्मान से जुड़े मुद्दे को लेकर भाजपा नेतृत्व के खिलाफ विरोध जताया। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि जतिंदर पाल मल्होत्रा की टिप्पणी से पंजाबियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने देश की आजादी, कृषि विकास और सीमाओं की सुरक्षा में अहम योगदान दिया है, इसलिए किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा पर पंजाब विरोधी सोच रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई, जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। विजयपाल सिंह ने कहा कि पंजाबियों के स्वाभिमान और सम्मान से जुड़ा कोई भी मुद्दा उनकी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि जतिंदर पाल मल्होत्रा अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ें। प्रदर्शन में महासचिव ओंकार सिंह औलख, पार्षद योगेश ढींगरा, पूर्व मेयर कुलदीप कुमार ढालोर, हरदीप सिंह बुटेरला, विक्रांत ए. तनवर, अंजू कत्याल, जगपाल जग्गा, ललित मोहन, देशराज सनावर, जसबीर सिंह लाडी, मीना शर्मा, तरसेम मित्तल, जस्करण मेहता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एयरो सिटी में मजदूर की मौत के बाद जीरकपुर में लटकती तारों पर उठे सवाल

## रियलिटी चेक में कई इलाकों में जमीन से तीन-चार फीट ऊपर मिले खुले मीटर और नंगी तारें

जीरकपुर/यूटर्न/19 जून। मोहाली के एयरो सिटी इलाके में करंट लगने से मजदूर की मौत के बाद बिजली सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस हादसे के बाद शहरवासियों में रोष है। लोगों का कहना है कि जीरकपुर के कई इलाकों में भी बिजली की नंगी और नीचे लटकती तारें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अर्थ प्रकाश की टीम ने जीरकपुर के विभिन्न इलाकों में ग्राउंड जीरो पर रियलिटी चेक किया। इस दौरान कई रिहायशी इलाकों, गलियों और मोहल्लों में बिजली की तारें खतरनाक स्थिति में लटकती मिलीं। कई जगह मीटर और तारें जमीन से महज तीन से चार फीट की ऊंचाई पर लगे हुए हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की जान को खतरा बना हुआ है।



स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि विभाग की ओर से केवल कागजी कार्रवाई की जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस हैं। कई जगह तारों के जाल इतने नीचे हैं कि बारिश या तेज हवा के दौरान हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। शहरवासियों का कहना है कि एयरो सिटी हादसे ने एक बार फिर प्रशासन और पावरकॉम की लापरवाही को उजागर कर दिया है। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या किसी और की जान जाने के बाद ही विभाग की नींद खुलेगी। उन्होंने मांग की है कि पूरे जीरकपुर शहर में विशेष सर्वे करवाकर खतरनाक तारों, खुले कनेक्शनों और नीचे लगे मीटरों को तुरंत ठीक करवाया जाए।

# जीरकपुर-पंचकूला मार्ग पर बस-ट्रक की टक्कर, 45 यात्रियों की जान बची

जीरकपुर/यूटर्न/19 जून। जीरकपुर-पंचकूला मार्ग पर मैक-डी के नजदीक शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा होने से टल गया। दिल्ली से चंडीगढ़ की ओर जा रही हरियाणा रोडवेज की बस की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे के समय बस में करीब 40 से 45 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि बस में बैठे सभी यात्री सुरक्षित बच गए, जबकि बस चालक घायल हो गया। हादसा सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के आगे के हिस्से के दोनों शीशे टूट गए। घायल बस चालक की पहचान राम कुमार (48) निवासी भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत घायल चालक को इलाज के लिए डेराबस्सी सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार चालक के हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। उसका उपचार जारी है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम ने स्थिति को संभाला और सड़क पर बाधित यातायात को सुचारू करवाया। बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में बस और ट्रक की टक्कर को हादसे का कारण माना जा रहा है।





Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372